## एक नजर में

### ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान का शुभारंभ

**देवास।** ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान का शुभारंभ कन्नौद विकासखंड के ग्राम नीमलाय से शुभारंभ किया गया स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शुभारंभ किए गए इस अभियान का शुभारंभ ग्राम निमलाय में किया गया मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था एस जै वाय एम एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों के द्वारा इस दौरान ग्राम में स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर आधारित स्वामी विवेकानंद जी की अमर वाणी के पत्रक ग्राम में वितरित किए एवं इस दौरान ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश अभियान पखवाड़े की कार्य योजना बनाई गई जिसमें कांटाफोड़ सेक्टर की सभी प्रस्फुटन समितियां की बैठक कर खेल गतिविधि ग्राम पंचायतों के माध्यम से गोला फेक भला फेक रस्सी फेक दौड़ कबड्डी खो-खो प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया साथ ही इस पखवाड़े के तहत रंगोली प्रतियोगिता भजन प्रतियोगिता सुंदरकांड हनुमान चालीसा राष्ट्रीय गीत स्वच्छता अभियान बोरीबंधन पौधारोपण आदी कार्य करने का भी निर्णय लिया इस दौरान सभी प्रस्फुटन समिति नव अंकुर संस्था मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के सदस्य उपस्थित थे।

### शिक्षाविद जगदीशचंद्र जोशी को श्रद्धांजलि



**देवास।** देवास के प्रसिद्ध शिक्षाविद वरिष्ठ शिक्षक जगदीशचंद्र जोशी का स्वर्गवास होने से नगर के लिए अपूर्णीय रिक्तता हुई है। जोशी ने अपने लम्बे शिक्षकीय जीवन में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अपना शत-प्रतिशत दिया वहीं अपने मृदु व्यवहार सरल स्वभाव सहृदयता ओर मिलनसारिता से नगर में प्रत्येक व्यक्ति के हृदय में सम्माननीय स्थान बनाया। उनके निधन पर सर्व ब्राह्मण महासभा संघ के जिला अध्यक्ष पण्डित प्रशांत शर्मा, अरविन्द शर्मा, देवकीनन्दन समाधिया, विक्रम शर्मा, धर्मेन्द्र मिश्रा, राजेश व्यास, रमेशचन्द्र जोशी, महेंद्र व्यास, पंकज प्रधान, दीपक जोशी, पण्डित हर्ष शास्त्री सहित नगर के गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### संक्रांति पर्व पर सहभोज एवं स्वास्थ्य परीक्षण

**देवास।** पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ देवास की प्रेरणा से एम.एल.सोलंकी परिवार ने मकर संक्रांति पर्व पर मक्सी रोड स्थित रामाश्रय वृद्धाश्रम में निवासरत 22 वृद्धजनों को दाल बाफला, गजक युक्त भोजन कराया। इस अवसर पर अवंतिका चिकित्सालय देवास के संचालक डॉ. एस.एस.मालवीय ने समस्त वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया। उपर्युक्त दोनों कार्यो में पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ के संस्थापक संरक्षक एम.एल.मालवीय देवड़ा, जिलाध्यक्ष पं. देवीशंकर तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण मोहरी, जिला कोषाध्यक्ष अशोक चैहान, विक्रमसिंह अमलावदिया, प्रेमलता सोलंकी, शैतानबाई बामनिया आदि ने सेवा प्रदान की। स्वास्थ्य परीक्षण में अधिकांश वृद्धजनों में उच्च रक्तचाप तथा मधुमेह के रोगियों के उपचार के साथ योग, व्यायाम तथा संतुलित आहार की सलाह दी।

### किसान न्याय यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए

**टोंकखुर्द।** स्थानीय दर्जी धर्मशाला टोंक खुर्द में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न हुई ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ओमप्रकाश मंडलोई एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष नितेश धाकड़ के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि कांग्रेस पार्टी के जिला प्रभारी सदाशिव यादव, कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी,पूर्व किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष विक्रम मुकाती द्वारा कार्यकर्ताओं को एसआईआर मैं नाम घटाने-बढ़ाने संबंधित चर्चा की गई। जिला प्रभारी सदाशिव यादव ने यह भी बताया कि 16 जनवरी को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी किसान न्याय यात्रा लेकर शिप्रा आ रहे हैं यहा किसान सम्मेलन आयोजित होगा। इसके लिए हम सभी कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी एवं टोंक खुर्द ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ओमप्रकाश मंडलोई के नेतृत्व में अधिक से अधिक कांग्रेस के पदाधिकारीगण तथा कार्यकर्ताओ शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी ने कहा कि भाजपा का एक ही एजेंडा होता है वह हिंदू मुस्लिम की ही बात करती है वह कभी किसानों के हित की बात नहीं करती है वह रोजगार की बात नहीं करती अभी जो इंदौर में भागीरथपुरा में घटना घटी उसमें मरे वह हिंदू नहीं थे क्या लेकिन उनके लिए कोई संवेदना नहीं यह पाखंड के आधार पर राजनीति करते हैं मृत लोग के साथ उनकी कोई संवेदना नहीं है हम इन लोगों के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं आज का हमारा एजेंडा है ग्राम पंचायतो मे में जाकर लोगों को जोड़ना साथ ही हर गांव से हमारा कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष बनेगा युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस,सेवादल कांग्रेस,सोशल मीडिया प्रभारी हम बनाएंगे साथ ही एसआईआर, का काम चल रहा है इसमें हमारे सभी बी. एलएओ को बुलाया है उनकी बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस महामंत्री मुख्तियार पटेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विक्रम सिंह गालोदिया,नगर परिषद उपाध्यक्ष आरिफ पटेल,युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष योगेन्द्र सोलंकी ( सेकली ), संजय चौहान,सरपंच शिवपाल सिंह सोलंकी खरेली,पूर्व सरपंच रुस्तम पटेल चिड़ावद,रोहन सिंह राजपूत, नेपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे। संचालन शहर कांग्रेस अध्यक्ष नितेश धाकड़ ने किया।

### अरविंद चौकसे को दी बधाई

**टोंक खुर्द।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदोरिया ने,देवास के युवा ऊर्जावान पत्रकार अरविंद चौकसे को मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ देवास जिला इकाई के जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किए जाने पर ।मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ तहसील इकाई टोंक खुर्द के पूर्व तहसील अध्यक्ष निर्भय सिंह कराड़ा सहित सभी मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ तहसील इकाई के सदस्यो एवं पत्रकार गण ने हर्ष व्याप्त कर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

### खेरिया साहू में हिंदू सम्मेलन संपन्न

**सोनकच्छ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जलेरिया मंडल द्वारा गुरुवार को ग्राम खेरिया साहू में एक विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर के महंत श्री लवचंददास जी महाराज मुख्य अतिथि के तथा गायत्री पीठ देवास स्थित गायत्री शक्तिपीठ के प्रमुख चंद्रिका शर्मा एवं श्री संघ के धर्मेन्द्र मालवीय आदि विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। समारोह का शुभारंम्भ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन कर किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य वक्ताओं ने ज्ञानवर्धक बौद्धिक दिया। जिसे बड़ी संख्या में उपस्थित सनातन धर्म के अनुयायियों ने ध्यानपूर्वक सुना। सम्मेलन का समापन भारत माता की आरती कर हुआ। अंत में सहभोज आयोजित हुआ। सभी आयोजनो में मंडल के ग्राम रोशनाबाद, खेरिया साहू, जलेरिया, अभयपुर, मेंडिया और विजयनगर के सनातन हिंदू समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में उपस्थिती दर्ज कराई। विशाल व भव्य आयोजन की संपुर्ण क्षेत्र में प्रशंसा की गई। सम्मेलन के माध्यम से सांस्कृतिक जागरण और सामाजिक समरसता का सन्देश दिया गया।

### शासकीय बोरिंग व वार्ड में नल जल का पानी पीने योग्य

**सोनकच्छ।** इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित जल पीने से कई लोगों की मौत होने के साथ ही कई लोग का अभी भी अस्पताल में उपचार चल रहा है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए नप सीएमओ अमरदास सेनानी के आदेश पर उपयंत्री जितेंद्र मारु ने 15 वार्डो के पांच पांच सैंपल लिए थे। साथ ही शासकीय बोरिंगों के भी सैंपल 12 जनवरी को लेकर देवास पीएचई की वाटर टेस्टिंग लैब भेजा था। जहां से 69 सैंपल की रिपोर्ट में क्लोरीन, मैगनिशियम, क्लोराइड, सल्फर, टेम्परेचर आदि आवश्यक व्यवस्थित पायी गई। मारु के अनुसार नगर के विभिन्न वार्डो में दिया जा पानी पुरी तरह पीने योग्य है और किसी भी प्रकार का स्वास्थ्य पर नुकसान नही है।

## ग्राम पंचायत आनंदपुर डूंगरिया में भ्रष्टाचार का खेल उजागर

**मुरम खदान लीज की अनुमति के नाम पर लाखों की उगाही के आरोप**

**देवास।** जिले की आनंदपुर डूंगरिया ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार का गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत क्षेत्र में मुरम खदान की लीच (खनन) अनुमति के नाम पर लाखों रुपये की अवैध उगाही किए जाने के आरोप लगे हैं। सूत्रों की माने तो ग्राम पंचायत से जुड़े एक प्रभावशाली व्यक्ति, जिनकी पहचान सरपंच पति के रूप में बताई जा रही है, उनकी भूमिका को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार मुरम खदान के संचालन हेतु आवश्यक ग्राम पंचायत की अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देने के बदले खदान संचालकों से मोटी रकम की मांग की जा रही है। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों को पहले ही लाखों रुपये लेकर अनापत्ति अनुमति दी जा चुकी है, जबकि हाल ही में एक अन्य मुरम खदान की लीच के लिए एनओसी जारी करने के बदले फिर से लाखों रुपये की मांग की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत स्तर पर जारी की जाने वाली अनापत्ति अनुमति एक नियमानुसार प्रशासनिक प्रक्रिया है, लेकिन यदि यह प्रक्रिया पैसों के लेन-देन से प्रभावित हो रही है, तो यह सीधे-सीधे भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि यदि खदान अनुमति में इस तरह की अनियमितताएं सामने आ रही हैं, तो पंचायत के अन्य कार्यों और विकास योजनाओं में भी भ्रष्टाचार की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। ग्रामीणों एवं जागरूक नागरिकों ने जिला प्रशासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है, ताकि सच्चाई सामने आ सके और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो।अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले पर कब संज्ञान लेता है और ग्राम पंचायत में कथित रूप से चल रहे भ्रष्टाचार के इस खेल पर कब तक अंकुश लगता है।

## आयुक्त ने किया वार्डों का औचक निरीक्षण



**देवास।** आयुक्त दलीप कुमार ने वार्ड 12 मे स्थित चंद्रशेखर आजाद मल्टी मे किये जाने वाले जल सप्लाय के पानी की टंकी का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान टंकी की सफाई के निर्देश निगम प्र.कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती को दिये। साथ ही आयुक्त ने वार्ड 13 में भी भ्रमण किया भ्रमण के दौरान मेंढकी स्थित वार्ड में कचरा पॉइंट मिलने पर तत्काल कचरा उठवाये जाने के निर्देश देते हुये वार्ड में कहीं भी कचरा पाईंट नही बने इस हेतु वार्ड दरोगा को चेतावनी देते हुये सख्त निर्देश दिये। इसी प्रकार मयूर पार्क व मेढकी मे स्थित श्मशान का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुये स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये।

## विकासखंड स्तरीय चयन ट्रॉयल प्रतियोगिता का आयोजन



**सोनकच्छ।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 के अंतर्गत विकासखण्ड स्तरीय चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 14 एवं 15 जनवरी 2026 को विकासखण्ड टोंकखुर्द में किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न खेल विधाओं का आयोजन अलग-अलग स्थलों पर किया गया, जिसमें कबड्डी मॉडल स्कूल, टोंकखुर्द, खो-खो थाना परिसर, टोंकखुर्द, वॉलीबॉल, फुटबॉल एवं एथलेटिक्स ग्राम रणायल कलां में आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान नगरीय पार्षद श्री रविंद्र जी गौर, थाना प्रभारी टीआई आलोक सोनी, मॉडल स्कूल की प्राचार्य अनीता विश्वकर्मा, वाइस प्रिंसिपल राहुल सांवले, खेल शिक्षक दिलीप शर्मा, आदर्श सुनानिया, गौरव झा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अजय गेहलोत द्वारा किया गया।

## गौदम्बा उत्सव का श्रद्धा भक्ति के साथ मकर संक्रांति पर समापन



**कन्नौद।** कन्नौद मे प्रतिवर्ष 30 दिवसीय गौदम्बा उत्सव श्रद्धा भक्ति तथा उत्साह के मनाया जा रहा है। 16 दिसंबर से प्रारंभ इस उत्सव का समापन 14 जनवरी मकर सकांति के पावन पर्व पर आज धूम धाम के साथ किया द्य यह विशाल आयोजन तालाब स्थित श्री नृसिंह मंदिर, राम बल्लभ मंदिर, श्रीराम मंदिर, जूना बाजार स्थित बड़े नरसिंह मंदिर में किया जा रहा है भक्ति रस मे रमे मंदिर के महंत और संचालक व्दारा सुबह से भगवान का आकर्षक श्रंगार झांकी सजाई जाकर तथा भजन किर्तन और महाआरती के साथ ही भगवान को खिरावन तथा कई प्रकार के मीठे नमकीन व्यंजन का भोग लगा कर भक्तो को प्रसाद वितरण किया जाकर किया गया। तालाब स्थित श्री नृसिंह मंदिर मे कड़ाके की ठंड के बावजूद महिला मण्डल के सदस्यो द्वारा बहुत ही अच्छे अच्छे भजनो की प्रस्तुति दी गई। स्मरण रहे यह उत्सव सन 1977 से बाबा स्व. श्री रामकृष्ण जी ओझा के द्वारा प्रारम्भ किया गया था जो निरंतर चल रहा होकर आज समापन के अवसर कान्हा जी का विवाह धूमधाम के साथ बारात निकल कर किया गया कड़ाके की सर्दी व तेज ठंड के चलते सुबह से मंदिरो मे भक्ति का स्वरूप देखते ही बनता रहा महिला भक्तों ने संगीत के साथ बधाई गीत गाकर उत्सव का समापन किया। नगर के नागरिक एव महिला भक्तों द्वारा मंदिर पहुँच कर उत्सव का लाभ लिया। तथा एक माह से चल रहे कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए सभी लोगों ने भगवान श्री कृष्ण का आशीर्वाद लिया।

## संगठित हिंदू समाज ही भारत को पुन: वैभवशाली राष्ट्र बना सकता है : प्रांत प्रचारक

**बागली में दिखा समरसता का अद्भुत दृश्य**

**हिंदू सम्मेलन में लगी संघ यात्रा पर प्रदर्शनी**



**बागली।** पिछले एक माह से चल रही तैयारियों के उपरांत मंगलवार को बागली नगर में संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सीएम राइज विद्यालय के सामने स्थित मैदान में संपन्न हुआ। सम्मेलन का शुभारंभ भारत माता एवं गौ माता के विधिवत पूजन तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में समरसता, नारी सशक्तिकरण एवं सामाजिक एकता पर केंद्रित लघु नाटिका एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गईं। इसके पश्चात वाग्योग चेतना पीठम के 51 बटुकों द्वारा सामूहिक मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम के द्वितीय सत्र का शुभारंभ किया ।गीत केशव उपाध्याय एवं माधव शर्मा ने लिया ।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जटाशंकर तीर्थ के महंत संत श्री बद्रीदास जी महाराज, वाग्योग चेतना पीठम के संचालक पंडित कनिष्क द्विवेदी एवं विश्व हिंदू परिषद की जिला उपाध्यक्ष डॉ अंजना राजावत उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मालवा प्रांत प्रचारक राजमोहन सिंह ने सम्मेलन को संबोधित किया। अतिथियों का स्वागत मंगल तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर किया गया। अतिथि परिचय हिंदू सम्मेलन समिति के सह-संयोजक मुकेश गुर्जर ने कराया। अपने उद्बोधन में प्रांत प्रचारक राजमोहन सिंह ने कहा कि संगठित, स्वाभिमानी और संस्कारयुक्त हिंदू समाज ही समर्थ भारत की नींव है। उन्होंने कहा कि ऐसा समाज ही भारत को पुन: विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर कर सकता है। उन्होंने स्वदेशी अपनाने, अपनी भाषा और संस्कृति पर गर्व करने तथा राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों को समझने का आह्वान किया। प्रांत प्रचारक जी ने आगे कहा कि हम क्या थे, क्या हैं और क्या होंगे- इसी का यथार्थ चिंतन करने के लिए ही हिंदू सम्मेलन हो रहे हैं। यदि हम जातियों में विभाजित रहेंगे, तो हमारा अस्तित्व ही संकट में पड़ जाएगा। सभी हिंदू एकजुट होकर ही एक महान शक्ति बनते हैं। इसलिए जाति की अपेक्षा हिंदुत्व पर गर्व करना आवश्यक है।

इतिहास साक्षी है कि जब-जब हमारा हिंदू भाव कमजोर हुआ और जातिगत भेद प्रबल हुए, तब-तब आक्रांताओं को बल मिला। हमारे धर्मस्थानों पर प्रहार हुए, असंख्य हिंदू मारे गए, क्योंकि हम संगठित नहीं थे। इसी के कारण आगे चलकर भारत को अंग्रेजों की दासता भी सहनी पड़ी।

ऐसे कठिन समय में अनेक महापुरुषों ने भारत की स्थिति पर यथार्थ चिंतन किया। उन्हीं महापुरुषों में एक थे डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार, जिन्होंने हिंदुओं के संगठन के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। उनका स्पष्ट मत था कि संगठित हिंदू समाज ही भारत को वैभवशाली और शक्तिशाली बना सकता है। महिला वक्ता डॉ अंजना राजावत ने अपने संबोधन में पंच परिवर्तन पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम का समापन भारत माता की संगीतमय आरती के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन सोमेश उपाध्याय एवं उर्वशी मंडलोई ने किया। आभार प्रदर्शन समिति संयोजक कैलाश गुप्ता ने किया।

## मध्य प्रदेश के ट्रक ऑपरेटर सरकार से खफा

**ऑटोमैटिक फिटनेस सेंटर प्रणाली बनी भारी मुसीबत**



**काँटाफोड़।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी परिवहन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नरिंदर सिंह पांधे ने कहा कि वर्तमान समय में ट्रक व्यवसाय पहले से ही कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। डीज़ल की बढ़ती कीमतें, टोल टैक्स, बीमा, किस्तें, चालान और कम होता भाड़ा ट्रक ऑपरेटरों की कमर तोड़ रहे हैं। परिवहन प्रकोष्ठक के देवास जिला अध्यक्ष गुरमीत भाटिया काँटाफोड़ ने बताया कि इसी बीच सरकार द्वारा लागू की गई ऑटोमैटिक फिटनेस सेंटर प्रणाली ट्रक मालिकों के लिए एक नई और बड़ी परेशानी बन गई है। इन सेंटरों पर मनमाने तरीके से ट्रकों को फेल किया जा रहा है, जबकि वाहन पूरी तरह चालू और सड़क योग्य होते हैं। छोटे-छोटे तकनीकी कारण बताकर ट्रकों को रोक दिया जाता है, जिससे ट्रक कई-कई दिनों तक खड़े रहते हैं और ऑपरेटरों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। पांधे ने कहा कि पहले सरकारी फिटनेस व्यवस्था में कम खर्च और पारदर्शिता थी, लेकिन अब निजी ऑटोमैटिक फिटनेस सेंटरों में अत्यधिक शुल्क, समय की बर्बादी और भ्रष्टाचार बढ़ गया है। इससे छोटे और मध्यम ट्रक मालिक सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि ऑटोमैटिक फिटनेस सेंटर प्रणाली की तुरंत समीक्षा की जाए, फिटनेस शुल्क कम किया जाए, पुराने सरकारी फिटनेस सिस्टम को दोबारा लागू किया जाए या ट्रक ऑपरेटरों को विकल्प दिया जाए,मनमानी और भ्रष्टाचार पर सख्त नियंत्रण किया जाए, यदि सरकार ने समय रहते ट्रक ऑपरेटरों की समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो मजबूर होकर ट्रक व्यवसायी आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## युवा दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन

**सोनकच्छ।** तहसील विधिक सेवा समिति सोनकच्छ के राघवेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में न्यायाधीश परिधि गुप्ता द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक निजी विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में न्यायाधीश गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद जंयती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है इसका उद्देश्य युवाओं को प्रेरित करना तथा एक सशक्त, जागरूक एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में उनकी भूमिका को मजबूत करना है। साथ ही बच्चों को उनके अधिकार, उनके कर्तव्य, नि: शुल्क विधिक सहायता, पाक्सो एक्ट, मोटर व्हीकल एक्ट अंतर्गत डायविंग लायसेंस, बीमा, रजिस्टेशन, साईबर काईम, मोबाईल का गलत उपयोग नहीं करने आदि कानून संबंधी जानकारी दी व बच्चों को जागरूक किया एवं बच्चो को पढ़ने लिखने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर विधिक सेवा कर्मचारी अर्चना दरिया, पैरालीगल वालेंटियर राजेन्द्र नागर आदि उपस्थित रहे।

## पतंग पर लिखा एक पेड़ मां के नाम का संदेश और फिर उड़ाई पतंग




**सतवास।** सांदीपनि शा. उ. मा. वि. सतवास के परिसर में पतंग उत्सव मनाया गया । संकुल प्राचार्य आशा जोशी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सतवास के तहसीलदार हरिओम ठाकुर ने छात्र - छात्राओं के साथ पतंग उड़ाई और अपने उदबोधन् में कहा कि, मुझे बहुत अच्छा लग रहा हे कि पतंग पर एक पेड़ माँ के नाम का संदेश लिखा हे , दूर गगन में ज़ब यह पतंग जाएगी तो यह सबको पर्यावरण संरक्षण का संदेश देगी, हमें जीवन भर पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करना, ज़ब वायु, जल, वन सुरक्षित रहेंगे तो हम भी सुरक्षित रहेंगे । इसी के साथ उन्होंने आनंद क्लब सतवास के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि, आनंद उत्सव का का कार्यक्रम हमें एक नई ऊर्जा और ताजगी प्रदान करता हे, जिससे हमें अपने कार्य में लगन और उत्साह मिलता हे इसी के साथ उन्होंने कहा कि, पतंग सावधानी पूर्वक उड़ाई जाए, प्लास्टिक कि पतंग और माँझे का उपयोग बिलकुल भी नहीं किया जाए । माँझे के कारण लोगो की जान चली जाती हे, माँजे का उपयोग बिलकुल भी नहीं करें, माँझे का उपयोग करना कानूनन अपराध हे, खूब आनंद से रहे और खूब पढ़ाई करें। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सांस्कृतिक शिक्षक, आनंदक, और गीतकार मनोज दुबे ने अपने स्वररचित गीत एक पेड़ माँ के नाम का समूहगान भी करवाया। कार्यक्रम में राजस्व विभाग से नरेंद्र यादव, विद्यालय से रेवाराम हरियाले, जितेंद्र कटारा, अशोक शर्मा, मकबूल खां, सुभाष मान्धन्या, दीपिका जोशी, गणेश धूर्वे, हीरालाल बर्मन, अल्केश राठौर, पंकज बैरागी, चिंतामनी बैरागी, प्रदीप गोयल, प्रदीप यादव, , माया उपाध्याय, मनोज राठौर, सुदामा यादव, आदि का सहयोग रहा ।

**एक नजर** मैं अपने कर्म व धर्म का निर्वाह कर रहा हूं

## कांधे पर झोला टांग नगर में संक्रांति पर्वी मांगने निकल पड़े नगर परिषद अध्यक्ष जोशी



**भौरासा।** सुबह सुबह अपने कंधे पर झोला लटकाए हुए भौंरासा नगर परिषद अध्यक्ष व नगर परसाई महाराज संजय जोशी हमेशा की तरह अपने कर्म को निभाते हुए पूरे नगर में कंधे पर झोली लटकाए हुए निकल पड़े इसी कड़ी में नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा के गृह निवास भी पहुंचे और बाहर से हमेशा की तरह आवाज़ लगाई लाओ, संक्रांत पर्वी इसी तरह पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर व नगर वसूली पटेल यसवंत सिंह राजपूत, डॉ रूपसिंह नागर, अश्विन जायसवाल, सहित नगर के अनेको घरो पर पहुंचे व अपने कर्तव्य का निर्वाहन किया इसी तरह पूरे नगर में भी नगर परसाई होने के नाते गांव में संक्रांति पर अनाज मांग ने निकले हर साल की तरह नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी अपने पुरानी परंपरा को निर्वहन के लिए संक्रांति पर घर-घर जाते हैं और घर के सामने पहुंचकर आवाज लगते हैं लाओ संक्रांत पर्वी हर घर से उन्हें अनाज दिया जाता है वे यहां पर पूर्व में भी दो बार नगर परिषद अध्यक्ष रहे हैं व अभी वर्तमान में भी नगर परिषद अध्यक्ष है लेकिन वे उस वक्त भी उन्होंने अपने कर्म से मुंह नहीं फेरा और आज वर्तमान में भी नगर परिषद अध्यक्ष है और वह आज भी अपना कर्म निभा रहे हैं।

गांव के लोग भी अपने नगर परसाई को संक्रांति पर पूरे सम्मान के साथ संक्रांत पर्वी के रूप में अनाज देते हैं, जब इस संबंध में नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी परसाई महाराज से पूछा गया तो उनका कहना था कि मैं पहले नगर का पुरोहित हूं और अध्यक्ष बाद में इसलिए मैं अपने कर्म व धर्म का निर्वाह कर रहा हूं और पिछली कई पीड़ियो से हमारे पूर्वज भी संक्रान्ति पर्व पर यह कार्य करते आ रहे हैं।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, देवास (म.प्र.)

### ई—निविदा सूचना

क्र./178/उद्यान वि./2026 देवास, दिनांक : 13/0/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http:// www. mptenders. gov. in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेन्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य कीसमयावधि वर्षाकाल सहित एवं लागत रू.लॉख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD _475438_1 13.01.2026 | निकाय अन्तर्गत उद्यान शाखा में उपलब्ध ब्रश कटर, स्प्रे पम्प, लॉन मुवर और अन्य उपकरण के मेन्टेनेंस एवं रिपेयर किये जाने के संबंध में। | 12 माह रू.4,00,000 (Without GST) | रू.2000/- रू. 12000/- | 03.02.2026 06 पी एम |
| 2 | 2026_UAD _475439_1 13.01.2026 | शहर के वार्डो में सार्वजनिक स्थलो एवं उद्यानो के वृक्षो की कटाई एवं छटाई के संबंध में। | 12 माह रू.10,00,000 | रू 2000/- रू.30,000/- | 03.02.2026 06 पी एम |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

उद्यान प्रभारी
नगर पालिक निगम, देवास